खास-खबरें

कचनारा में आज दीपावली मिलन समारोह और अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन

कचनारा। जिला गुजराती सेन समाज द्वारा 17 नवंबर, मंगलवार को बाबा रामदेव मंदिर, कचनारा में दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। शुभारंभ बाबा रामदेव जी और श्री सेन जी महाराज की आरती से होगा। समाज अध्यक्ष बालाराम राठौर ने बताया कि कार्यक्रम में 22 फरवरी 2027 को प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन की रूपरेखा और नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की जाएगी। समाजजनों से परिवार सहित शामिल होने की अपील की गई है। कार्यक्रम के बाद अन्नकूट महाप्रसादी वितरित की जाएगी। जिला सचिव राकेश सेन 'सम्राट' ने यह जानकारी दी।

गोपाष्टमी पर आज गंज हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारा

गंजबासौदा। गोमाता की पूजा, सेवा और संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गोपाष्टमी के पावन पर्व पर 17 नवंबर मंगलवार को श्री गंज हनुमान मंदिर, तिरंगा चौक में भव्य गोपाष्टमी महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल गोपाष्टमी भंडारे का आयोजन होगा।

मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी महाराज ने बताया कि आयोजन के तहत 17 नवंबर को धार्मिक कार्यक्रम एवं भंडारा प्रारंभ होगा, जो शाम तक चलेगा। आयोजकों ने नगर एवं क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, श्रद्धालुओं और परिवारों से सपरिवार पहुंचकर आयोजन में सहभागिता करने तथा भंडारे की प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

जनजातीय गौरव दिवस मनाया

गंजबासौदा। स्थानीय एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 'जनजातीय गौरव दिवस' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेवक राधिका रघुवंशी एवं महक सुमन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक महान विचारधारा थे। उन्होंने मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में ही अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों और शोषण के खिलाफ ऐतिहासिक लड़ाई का नेतृत्व किया। उन्होंने जल, जंगल और जमीन पर आधारित जनजातीय समाज को संगठित किया।

विंटेज वाइपर ने कोच राहुल क्रिकेट एरिना को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

सीहोर। शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सेकेंड एकलव्य टी-20 कॉरपोरेट ट्रॉफी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में विंटेज वाइपर ने कोच राहुल क्रिकेट एरिना को 7 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की और प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं दूसरे मुकाबले में कोच राहुल क्रिकेट एरिना ने गहलोत वारियर्स को 8 विकेट से हराया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजनकर्ता एवं कोच अतुल कुशवाहा सहित अन्य खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले मुकाबले में टॉस के बाद बल्लेबाजी करने उतरी कोच राहुल क्रिकेट एरिना की पूरी टीम 13.1 ओवर में मात्र 43 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से नरेश बघेल ने सर्वाधिक 18 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली।

उज्जैन में सियासी भूचाल: सीएम के मेगा मार्च से कांपेगा विपक्ष महाकाल नगरी में भाजपा का ऐतिहासिक शक्ति प्रदर्शन

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा से आज गर्माएगी सियासत, दस हजार से अधिक समर्थकों के साथ सड़कों पर उतरेगा केसरिया सैलाब



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन : धर्मनगरी उज्जैन में सोमवार को राजनीतिक पारे ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सत्ताधारी दल भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ आर-पार का शंखनाद करते हुए एक विशाल पदयात्रा का खाका खींच दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अगुवाई में निकलने वाले इस महाअभियान को लेकर राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई है। कांग्रेस पर तीखे हमलों के बीच शहर से लेकर गांव तक सियासी सरगर्मी चरम पर है।

महाकाल की इस पावन नगरी में सियासत का पारा इन दिनों सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। विपक्ष के कथित षड्यंत्रों और अराजकता के खिलाफ भाजपा सड़क पर उतरकर अपनी ताकत का अहसास कराने को पूरी तरह तैयार है। पार्टी के दिग्गजों का दावा है कि इस मेगा शो के जरिए विरोधियों को ऐसा कड़ा संदेश दिया जाएगा जो लंबे समय तक गूंजता रहेगा। सुबह से ही शहर के प्रमुख चौराहों पर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

पार्टी की बैठकों और रणनीतिक वार्ताओं का दौर पूरा होने के बाद अब सड़कों पर सैलाब उतरने की तैयारी है। नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने विपक्ष पर सीधा और तीखा प्रहार करते हुए दोटूक कहा कि देश को अस्थिर करने वाले और जनता को भ्रमित करने वाले चेहरों का नकाब उतर चुका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज जो लोग संविधान की किताब थामकर घूम रहे हैं, उन्होंने ही इतिहास में लोकतंत्र का सबसे ज्यादा गला घोंटा है, लेकिन अब उनकी राजनीतिक दुकानें हमेशा के लिए बंद होने की कगार पर आ चुकी हैं।

इस पूरी महायात्रा को सफल बनाने के लिए पार्टी संगठन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। यात्रा प्रभारी और जिला महामंत्री जगदीश पांचाल ने बताया कि युवाओं और प्रबुद्ध जनों में जबरदस्त जोश भरा हुआ है। उज्जैन की तरुणाई ने यह ठान लिया है कि वे देश विरोधी और अराजक ताकतों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। तराना विधायक, निगम सभापति और अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने मंडलों में बैठकें कर घर-घर जाकर इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने का न्योता दिया है, जिससे माहौल पूरी तरह केसरिया रंग में रंग गया है।

ग्रामीण में समाजों का खुला समर्थन : उज्जैन के ग्रामीण पांचाल समाज ने इस राजनीतिक महाअभियान में अपनी पूरी ताकत झोंकने का जोरदार ऐलान कर दिया है। समाज के अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने एक अहम बैठक के बाद यह स्पष्ट कर दिया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में निकलने वाली इस पदयात्रा में ग्रामीण अंचल से हजारों की संख्या में समाजजन शिरकत करेंगे। समाज के लोगों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र में विकास और सुशासन की बयार को और मजबूती मिलेगी, जिसके लिए वे पूरी शिद्धत से मुख्यमंत्री के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।

विश्वकर्मा पांचाल समाज समिति ग्रामीण इकाई ने भी इस सियासी हुंकार में शामिल होने का संकल्प लिया है। जगदीश पांचाल के आह्वान के बाद समिति के तमाम सदस्यों और पदाधिकारियों ने एकजुट होकर यह तय किया कि वे इस भव्य पदयात्रा का अनिवार्य हिस्सा बनेंगे। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि चुनी हुई सरकार के खिलाफ रचे जा रहे षड्यंत्रों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा। इसी कड़ी में समिति के सभी लोग पूरी ऊर्जा के साथ इस पदयात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। पदयात्रा के ठीक पहले भाजपा कार्यालय और विभिन्न मंडलों में बैठकों का महादौर चला। नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, और युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि सोलंकी सहित तमाम बड़े चेहरों ने कार्यकर्ताओं की फौज तैयार कर ली है। बैठकों में यह तय किया गया कि विपक्ष के हर दुष्प्रचार का जवाब विकास और जनसमर्थन से दिया जाएगा। संगठन की इस मजबूत किलेबंदी ने विपक्षी दलों की नींद उड़ा दी है और राजनीतिक गलियारों में हर कोई इसी मेगा इवेंट की चर्चा कर रहा है।

पदयात्रा का तय रूट और सुरक्षा के कड़े इंतजाम : प्रशासन और पार्टी संगठन के तालमेल से इस विशाल पदयात्रा का पूरा रूट फाइनल कर दिया गया है। यह पदयात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार शहीद पार्क से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निर्धारित समापन स्थल तक पहुंचेगी। यात्रा के आरंभ होने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहीद पार्क पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसके बाद हजारों कार्यकर्ताओं का कारवां सड़कों पर उतरेगा। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है और पूरे मार्ग को बैनर-होर्डिंग्स से भव्य रूप से सजाया गया है।

तीन साल से बंद पड़ी तजपुरा की पानी टंकी को जल्द मिलेगी नई जिंदगी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदा : ग्राम पंचायत तजपुरा में पिछले लगभग तीन वर्षों से बंद पड़ी पेयजल योजना के फिर से शुरू होने की उम्मीद जगी है। शासन द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित पानी की टंकी और जलापूर्ति व्यवस्था पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण वर्षों से बंद पड़ी थी, जिससे तजपुरा और गोहान के ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी के अनुसार, पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण के दौरान तजपुरा-गोहान की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद संबंधित विभाग द्वारा पाइपलाइन मरम्मत की राशि लगभग एक वर्ष पूर्व जल निगम को उपलब्ध करा दी गई थी, लेकिन कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में लगातार नाराजगी बनी हुई थी। इस मामले को क्षेत्र के जनपद नेता धर्मेन्द्र सिंह पंवार (गोलू भैया) ने गंभीरता से उठाते हुए एसडीएम एवं कलेक्टर को शिकायत प्रस्तुत की। उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद जल निगम को राशि उपलब्ध कराई गई और अब पाइपलाइन मरम्मत का टेंडर भी जारी हो चुका है। बताया गया है कि लगभग 19.50 लाख रुपये की लागत से यह कार्य भाग्यश्री कॉन्ट्रैक्शन को सौंपा गया है। हालांकि कार्य प्रारंभ करने को लेकर जल निगम द्वारा लगातार 8 से 15 दिन का समय दिया जा रहा था।

कलचुरी कलार समाज ने की राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु की जन्म महोत्सव आरती

सीहोर। राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव पर कलचुरी कलार समाज के स्वजतीय बंधुओ द्वारा स्थानीय सहस्त्रबाहु मंदिर पर भगवान की महाआरती का आयोजन किया गया। कलचुरी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया, मँदिर समिति संरक्षक ओमकार प्रसाद जायसवाल, कलचुरी समाज सचिव निलेश राय, कोषाध्यक्ष परमानंद राय एवं समाज के बरिष्ठ जनो द्वारा महाआरती संपन्न हुई।

इस अवसर पर ताम्रकार समाज के रामनारायण ताम्रकार, सुशील ताम्रकार, गोविंद ताम्रकार सहित माता बहने उपस्थित रही। ताम्रकार समाज एवं कलचुरी समाज के परिजनों ने मिलकर कई निर्णय लिए साथ में आरती करना और भगवान की सहस्त्रबाहु जयंती मनाना ।

दीपों की कमाई से खरीदे नए परिधान स्नेह के बच्चों ने मनाई पिकनिक

बिरला मंदिर में खेलों, भजनों और स्वादिष्ट भोजन के साथ बिताए यादगार पल



नईदुनिया प्रतिनिधि, नागदा : स्नेह के विशेष बच्चों के लिए बिरला मंदिर में पिकनिक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चे दीपावली के लिए अपने बनाए दीपकों की बिक्री से प्राप्त राशि से खरीदे गए नए परिधान पहनकर पहुंचे। अपनी मेहनत की कमाई से खरीदे कपड़े पहनकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

मंदिर परिसर में बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने साथियों के साथ खूब आनंद लिया। उनकी भजन प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन भी परोसे गए, जिनका सभी ने मिलकर आनंद उठाया। स्नेह के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. पंकज मारू ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों को मनोरंजन के साथ सामाजिक सहभागिता, अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देते हैं। अपनी मेहनत से अर्जित राशि से नए परिधान खरीदना बच्चों के स्वावलंबन की दिशा में बढ़ते कदमों की सुंदर झलक है। इस अवसर पर स्नेह का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ का हुआ समापन



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर : शहर में निवासरत भोजपुरी समाज के लोगों द्वारा रविवार को डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया एवं सोमवार को उगते हुए सूर्य देव को अर्ध्य देकर पर्व का समापन किया। जैसा कि समाज के मीडिया प्रभारी राकेश कुमार झा ने मंच से छठी माई की गाथा के बारे में बताया एवं कहा कि छठ महापर्व आस्था श्रद्धा पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।

रविवार को सांयकालीन अर्ध्य के समय अर्न्तराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा, विधायक सुदेश राय धर्म पत्नि अरूणा राय सहित, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमीता अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक छठ माई के प्रांगण में छठ माई की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अरूणा राय ने भोजपुरी समाज की महिलाओं के साथ पूजा अर्चना की। इसी दौरान मंच पर चल रहे स्वरांजली कार्यक्रम में भजन संध्या में ठछ माई के गीतों पर पं.प्रदीप मिश्रा जी, विधायक श्री सुदेश राय एवं श्री प्रिंस राठौर झूम उठे। तत्पश्चात रात्रि में ही सुन्दर काण्ड का भी आयोजन रखा गया था, जिससे पूरी रात घाट पर चहल-पहल रही।

भोजपुरी समाज के लोगों ने मंचासीन विधायक श्री राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर व पं.प्रदीप मिश्रा से घाट निर्माण की बात कही। जिस पर दोनों जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने वादा किया कि आगामी फरवरी माह से घाट निर्माण का कार्य शुरु होगा, जो कि वर्तमान घाट की लम्बाई से लगभग तीस मीटर और लम्बाई बढ़ेगी एवं पुरे घाट को लाल पत्थर से सुसज्जित किया जावेगा। पं.प्रदीप मिश्रा जी के सानिध्य में ही सांयकालीन छठ माता की आरती हुई तत्पाश्चात सभी व्रति महिलाओं ने एक दूसरे को नाक से सिन्दूर पहनाया, जिसका की आनन्द श्रीमती अरूणा राय एवं श्रीमती अमिता अरोरा ने भी लिया। सोमवार को सभी भक्तगण सुबह पांच बजे से ही घाट पर पहुंचकर छठ माता के गीत गाकर आपस में बधाई दे रहे थे। जैसे ही अर्ध्य का समय हुआ गाय के दूध से सभी लोगों ने सूर्यदेव को अर्ध्य दिया एवं आपस में प्रसाद वितरण कर एक दूसरे को बधाई दी एवं जनमानस के लिये सुख समृद्धि की कामना की।

राष्ट्रीय खो-खो कैंप में दो बेटियों का चयन





भैरूंदा। खेल जगत में भैरूंदा एवं जिला सीहोर के लिए गर्व का क्षण है। खो-खो कल्याण संघ भैरूंदा की दो होनहार खिलाड़ी अमिता यदुवंशी एवं राधिका यादव का चयन 45वीं राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए आयोजित नेशनल कैंप में हुआ है। दोनों खिलाड़ियों के चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर है और खेल प्रेमियों ने इसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। दोनों खिलाड़ियों का चयन 11 से 13 नवंबर तक जबलपुर के एम.एल.वी. ग्राउंड में आयोजित 45वीं राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश एमेच्योर खो-खो संघ के तत्वावधान में किया गया था, जिसमें प्रदेशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय विश्नोई, संजय यादव एवं विनोद पोद्दार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं मध्यप्रदेश एमेच्योर खो-खो संघ के उपाध्यक्ष सुनील पंवार एवं सहसचिव जीतू तिवारी भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

विधिक साक्षरता शिविर संपन्न




नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा : सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में माननीय सुश्री स्नो मारिया तिग्गा जी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, गंजबासौदा द्वारा विद्यार्थियों को संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, यातायात नियम, शिक्षा का अधिकार तथा नि:शुल्क वि धक सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक रहने तथा अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य प्रीति रानी श्रीवास्तव एवं विधिक सहायता समिति के वालंटियर एडवोकेट्स ने भी भाग लिया. इस अवसर पर बच्चों ने कानून एवं संविधान से संबंधित कुछ प्रश्न भी अतिथियों से किए जिनका न्यायाधीश ने जवाब दिया। कार्यक्रम में अधिवक्ता सुनील सिंह राजपूत, कुंवर हेमराज सिंह सोलंकी एवं आरती कुशवाहा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शोरूम की बत्ती गुल कर सोते रहे गनमैन, बाउंड्री फांदकर घुसे नकाबपोश तिजोरी तोड़ ले उड़े 12 लाख

आगर रोड स्थित सांघी टाटा शोरूम में बड़ी सेंधमारी, वर्कशॉप का हैंडल तोड़कर निकाली केबिन की चाबी



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन : आगर रोड स्थित प्रतिष्ठित सांघी टाटा शोरूम में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए तीन नकाबपोश बदमाशों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाश शोरूम के सेल्स मैनेजर के केबिन में रखी तिजोरी तोड़कर करीब 10 से 12 लाख रुपए नकद पार कर ले गए। इस पूरी वारदात का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि शोरूम की सुरक्षा में तैनात दो गनमैन लाइटें बंद कर गहरी नींद में सोते रहे, और चोर बेखौफ होकर लाखों की नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

इस हाई-प्रोफाइल चोरी की रिपोर्ट शोरूम की जनरल मैनेजर रागिनी पिता अजय साही निवासी चककमेड ने 1 नवंबर को चिमनगंज थाने में दर्ज कराई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच अधिकारी सूर्यप्रकाश तालविया ने बताया कि वारदात की गंभीरता को देखते हुए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में तीन नकाबपोश संदिग्ध शोरूम के भीतर वारदात को अंजाम देते हुए साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस की प्रारंभिक तफ्तीश में चोरों के बेहद शातिर होने के संकेत मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश शोरूम के पिछले हिस्से की बाउंड्री कूदकर परिसर में दाखिल हुए थे। अंदर घुसने के बाद उन्होंने सबसे पहले वर्कशॉप का हैंडल तोड़ा और वहां एक बॉक्स में रखी सेल्स मैनेजर के केबिन की चाबी हासिल कर ली। इसके बाद शातिर चोरों ने केबिन का ताला खोला और वहां रखी तिजोरी को उठाकर पीछे की तरफ ले गए, जहाँ उसका ताला तोड़कर भीतर रखे लाखों रुपए निकाल लिए।

सुरक्षा में भारी चूक, कार और कमरे में खर्राटे भरते रहे हथियारबंद गार्ड : इस पूरी वारदात ने निजी संस्थानों की रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि जिस वक्त तीन नकाबपोश बदमाश शोरूम के भीतर तिजोरी तोड़कर लाखों रुपए समेट रहे थे, उस समय ड्यूटी पर तैनात दो गनमैन पूरी तरह बेखबर थे। इनमें से एक गनमैन बाहर खड़ी कार में और दूसरा शोरूम के अंदर एक कमरे में लाइट बंद कर सो रहा था। बदमाशों को शोरूम के भीतर रखी चाबियों के ठिकाने की सटीक जानकारी होने के कारण पुलिस अब इस मामले में किसी करीबी या पूर्व कर्मचारी की मिलीभगत के एंगल से भी जांच कर रही है, जिसके तहत शोरूम के कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

गांधी सागर में कैबिनेट बैठक को लेकर उठे सवाल, स्थायी लाभ देने की मांग

मंदसौर। मध्यप्रदेश सरकार की 18 नवंबर को गांधी सागर में होने वाली कैबिनेट बैठक को लेकर अभिभाषक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. राघवेन्द्र सिंह तोमर ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इसे डेस्टिनेशन कैबिनेट बता रही है, लेकिन मंदसौर को इससे वास्तविक लाभ क्या मिलेगा, यह स्पष्ट नहीं है। डॉ. तोमर ने कहा कि 11,500 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित गांधी सागर पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना 1,920 मेगावाट क्षमता की है, जो नीमच जिले की रामपुरा तहसील के खेमला गांव में बन रही है। ऐसे में मंदसौर को केवल बैठक का स्थल बनाने से क्या फायदा होगा? उन्होंने बैठक के लिए क्रूज, डोम, टेंट सिटी और हेलीपैड जैसी व्यवस्थाओं पर होने वाले खर्च को लेकर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश पर भारी कर्ज है और किसान खाद, बीज, बिजली तथा फसलों के उचित दाम के लिए परेशान हैं। ऐसे में एक दिन की बैठक पर होने वाले खर्च का हिसाब सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

डॉ. तोमर ने मांग की कि बैठक में मंदसौर के लिए मेडिकल कॉलेज, अफीम किसानों की समस्याओं, चंबल के पानी से सिंचाई, उद्योग और केमिकल पार्क को लेकर ठोस घोषणाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता को प्रचार नहीं, विकास चाहिए। सरकार को डोम, क्रूज, हेलीपैड, सुरक्षा और भोजन सहित बैठक का पूरा खर्च सार्वजनिक करना चाहिए।

रजत पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले अवंतिकानाथ

कार्तिक मास की प्रथम सवारी में उमड़ा आस्था का सैलाब, शिप्रा तट पर हुआ अभिषेक



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन : धर्म और आस्था की नगरी उज्जैन में कार्तिक मास के पहले सोमवार को भक्ति का एक अलौकिक और भव्य नजारा देखने को मिला, जब त्रिलोकीनाथ बाबा महाकाल अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए रजत पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। जैसे ही राजाधिराज की सवारी मंदिर प्रांगण से बाहर आई, पूरी अवंतिका नगरी हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठी। अपने आराध्य की एक झलक पाने के लिए सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

सवारी के नगर भ्रमण पर निकलने से पूर्व शाम ठीक चार बजे मंदिर के सभामंडप में पुजारियों द्वारा बाबा महाकाल का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात जैसे ही चांदी की पालकी मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंची, वहां पहले से तैनात सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने अपने राजा को सलामी देते हुए भव्य 'गार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया। इसके बाद आगे-आगे चलता घुड़सवार दल, सुमधुर स्वर लहरियां बिखेरता पुलिस बैंड और झांझ-मंजीरों की थाप पर थिरकती भजन मंडलियों ने पूरे माहौल को शिवमय बना दिया। निर्धारित परंपरागत मार्गों से होती हुई यह राजसी सवारी मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के पावन रामघाट पर पहुंची, जहां मां शिप्रा के पवित्र जल से भगवान महाकालेश्वर का अभिषेक व विशेष पूजन संपन्न हुआ। मंदिर के पुजारी ने इस सवारी के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जहां सावन मास शैव संप्रदाय की आस्था का केंद्र होता है, वहीं कार्तिक मास वैष्णव संप्रदाय का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि कार्तिक माह में निकलने वाली इन सवारियों में शैव और वैष्णव दोनों संप्रदायों के भक्त एक साथ मिलकर आराधना करते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। रामघाट पर पूजन के बाद सवारी गोपाल मंदिर और पटनी बाजार सहित प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई पुन: महाकाल मंदिर लौट आई।

आगे कब-कब दर्शन देंगे बाबा महाकाल : कार्तिक और अगहन मास के दौरान बाबा महाकाल की सवारियों का यह दिव्य क्रम अभी जारी रहेगा, जिसमें श्रद्धालुओं को अलग-अलग रूपों में अपने आराध्य के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। मंदिर प्रशासन की ओर से जारी आगामी कार्यक्रम के अनुसार, बाबा महाकाल की दूसरी सवारी 23 नवंबर को और तीसरी सवारी 30 नवंबर को निकाली जाएगी।